शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा पुलिस स्टेशन, कुड़ी जोधपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम

दिनाँक 10.8.2018

ग्रीन इंडिया प्रोग्राम के तहत शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा दिनाँक 10/8/2018 को कुड़ी पुलिस स्टेशन पर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया, इस अवसर पर थाना परिसर में अशोक, नीम, गूँदी, करंज, अर्जुन , बोगनवेलिया, पिलिया (टेकोमा स्टेंस) इत्यादि के 60 पौधे रोपित किए गये । वृक्षारोपण कार्यक्रम में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक / अधिकारी / शोधार्थी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया ।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि कुमारी मोनिका सैन, भारतीय पुलिस सेवा (पुलिस आयुक्त (पश्चिम), जोधपुर ने कहा कि फैलते प्रदूषण को हटाने के लिए पौधारोपण किया जाना चाहिये तथा लगाये गये पौधो का ध्यान भी रखना होगा। संस्थान के निदेशक डॉ. आई. डी. आर्य ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, पेड़ो को लगाना आवश्यक हो गया हैं, वातवरण दूषित होता जा रहा हैं, जितना ज्यादा पेड़ लगायेंगे तो वातावरण शुद्ध रहेगा, पेड़ो से हमें ऑक्सीजन मिलती हैं, ऑक्सीजन के लिये भी पेड़ लगाने चाहिये। इस अवसर पर बोलते हुए भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, जोधपुर के प्रभारी डॉ. विनोद मैना ने कहा कि, वनस्पतियों जीवन में बहुत महत्त्व रखती है, इस प्रकृति में वनस्पति न हो तो कुछ भी नहीं हैं, हम सब को वनस्पतियों से आश्रय मिलता हैं, हमें न केवल इन्हे लगाना हैं बल्कि पालना हैं।

विस्तार विभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा. व. से. ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों के मद्देनजर पौधारोपण का महत्त्व बताया।

कार्यक्रम का आयोजन/व्यवस्था संस्थान की सुविधाएं एवं सेवाएं प्रभाग तथा नर्सरी द्वारा की गयी।

स्थान:- कुड़ी भगतासनी, थाना परिसर, जोधपुर

"वन महोत्सव"
पुलिस प्रशासन